(2)

टी०ए० मिस केस सं० 111/2018-19

| दिनांक | आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| | अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **सिंहदेव हेम्ब्रम, पिता– राम चन्द्र हेम्ब्रम,** निवासी ग्राम– **दुम्बीसाई,** थाना– **मुफ्फसिल,** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा– **दुम्बीसाई,** थाना नं०– **643** के अन्दर खाता नं०– 89, प्लॉट नं०– 454, **रकवा– 0.05 एकड़** भूमि बन्धक लेने वाले **ईलाबाद बैंक चाईबासा** थाना– **सदर चाईबासा** के पास में बन्धक के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ग) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बन्धक हेतु आम सूचना निर्गत किया गया।<br>अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक ने क्रय कर नामान्तरण मु०सं० 392/2005–06 सदर अंचल द्वारा आवेदक के नाम से नामान्तरण हुआ है।** आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।<br>अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– 1285, दिनांक– 03.01.2019 द्वारा प्राप्त दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि बैंक से ऋण लेकार घर का विस्तार करने के कारण भू–खण्ड को बन्धक **ईलाबाद बैंक चाईबासा** थाना– **सदर चाईबासा** के पास **4,00,000.00/– (चार लाख रुपये)** में बन्धक करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि आवेदक मौजा दुम्बीसाई में निवासी करते हैं। ईलाका मानकी का बन्धक करने संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है।<br>अतः अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ईलाका मानकी के प्रतिवेदनानुसार आवेदक **सिंहदेव हेम्ब्रम, पिता– राम चन्द्र हेम्ब्रम,** निवासी ग्राम– **दुम्बीसाई,** थाना– **मुफ्फसिल,** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा का आवेदित भू–खण्ड लेने वाले बन्धकदार **ईलाबाद बैंक चाईबासा** थाना– **सदर चाईबासा** के पास जमीन को कुल **4,00,000.00/– (चार लाख रुपये)** में मौजा– **दुम्बीसाई,** थाना नं०– **643** के अन्दर खाता नं०– 89, प्लॉट नं०– 454, **रकवा– 0.05 एकड़** जमीन को बन्धक करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ग) के अन्तर्गत बन्धक द्वारा हस्तांतरण करने की ....स्वीकृति.... दी जाती है।<br><br>लेखापित<br>11-01-2019<br>भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता<br>सदर चाईबासा।<br><br>11-01-2019<br>भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता<br>सदर चाईबासा। | |

Scanned with CamScanner